सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 231 | इंदौर, शनिवार 07 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. कुछ बड़ा करने वाले हैं ट्रंप?: ईरान से जंग के बीच घातक संकेत, अमेरिकी हथियार उत्पादन चार गुना बढ़ाने का एलान
2. Nepal Election Result: बालेन शाह की पार्टी ने 23 सीटें जीतीं और 93 पर बढ़त; इन सीटों के परिणाम भी घोषित
3. US: ट्रंप की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार, ईरान के कहने पर बनाया था प्लान
4. PM Kisan Yojana: 13 मार्च को जारी हो सकती है 22वीं किस्त
5. UP: पत्नी की पिटाई, फिर ससुराल वालों ने की गजब बेइज्जती, चिट्ठी में लिखा- 'मुझे मार दो या न्याय दिलाओ', लापता हुआ पति
6. पाकिस्तान में शिया प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी: 38 की मौत, भड़के लोगों ने दफ्तरों-आवासों में लगाई आग

**रंगपंचमी की बधाई...कल अवकाश**

होली पर्व पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं। कल अवकाश रहेगा। अगला अंक 09 मार्च सोमवार को प्रकाशित होगा।

- संपादक

# इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल होगा बड़नगर

## सीएम ने दी 150 करोड़ रुपए की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले का बड़नगर भी विकास में कभी पीछे नहीं रहेगा। हमारा बड़नगर अब इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया का भाग बनेगा। बड़नगर पर बाबा महाकाल सहित चंबल, शिप्रा और गंभीर नदियों का भी आशीर्वाद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनका आभार प्रकट करने मुख्यमंत्री निवास पहुंचे बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बड़नगरवासियों ने साफा और बड़ी माला पहनाकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उज्जैन और बड़नगर अब तीन प्रमुख मार्गों के माध्यम से रतलाम से जुड़ गया है।



### रतलाम की दूरी 40 किमी कम होगी

तीसरा नया दो लेन रास्ता गंभीर डैम के पास से नागदा होकर निकलने वाला है। नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए राज्य सरकार की ओर से लगभग 150 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात है। इससे रतलाम की दूरी 40 किलोमीटर कम हो जाएगी। नई सड़क से सिंहस्थ : 2028 के आयोजन में भी सुविधा होगी। उज्जैन में विमानतल भी बनाया जा रहा है, इसका लाभ भी बड़नगर को मिलेगा। आगामी वर्षों में रतलाम सहित राजस्थान और गुजरात से भी बड़नगर का संपर्क सुगम और सशक्त होगा। सड़कें विकास का आधार हैं, इन सड़कों से बड़नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र के विकास के द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सिंहस्थः 2028 को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रस्तावित मार्ग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वर्तमान में रतलाम से उज्जैन आने वाले श्रद्धालु मुख्यतः बदनावर-बड़नगर मार्ग से आवागमन करते हैं, जिसकी कुल लंबाई लगभग 115 कि.मी. है। प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग की कुल लंबाई लगभग 74 कि.मी. है, जो वर्तमान प्रचलित मार्ग की तुलना में लगभग 40 कि.मी. कम है। इस मार्ग के विकसित होने से यात्रा की दूरी एवं समय दोनों में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव भी कम होगा।

### नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनें खरीदने में मिलेगी मदद

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन किया है। टेक्सटाइल सेक्टर के इस मेगा इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ भी बड़नगर वासियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बड़नगर क्षेत्र में संचालित गौशालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनें लेने में सहायता के उद्देश्य से स्वेच्छानुदान से अंश राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे नरवाई के निराकरण के साथ ही गौशालाओं को पर्याप्त भूसा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बड़नगर क्षेत्र के व्यायाम शालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की।

# मार्च की शुरुआत में ही बढ़ी गर्मी, 36 डिग्री के पार पहुंचा पारा, तेज धूप से इंदौर में बढ़ी तपन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में बीते दो दिनों से गर्मी के तेवर तेज हो गए हैं। दिन के समय तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है, हालांकि, रात का तापमान सामान्य से थोड़ा कम होने के कारण कुछ राहत मिल रही है। आमतौर पर इंदौर में मार्च के अंतिम सप्ताह तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचता है, लेकिन इस बार महीने की शुरुआत में ही पारा 36.2 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक था।

पिछले दो दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिन के समय तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। अगले एक सप्ताह तक तेज धूप बनी रह सकती है, जबकि हवा की गति सामान्य रहने का अनुमान है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री रहा, यह गुरुवार 35.1 डिग्री सेल्सियस से 1.1 डिग्री अधिक रहा। यह सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। वहीं, बीती का तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम था। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में रात के तापमान में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी।

धुलेंडी के जश्न के दौरान भी इस बार शहरवासियों को गर्मी का अहसास हुआ। वहीं, रविवार को आने वाली रंगपंचमी पर भी तेज गर्मी महसूस होने की संभावना है। हालांकि रात के समय तापमान थोड़ा कम होने से लोगों को कुछ राहत मिल रही है।

### आसमान साफ होने से चढ़ा पारा

मौसम विभाग के अनुसार सामान्य तौर पर मार्च के अंतिम सप्ताह तक तापमान तेजी से बढ़कर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है, लेकिन इस बार पहले ही सप्ताह में पारा इसके पार पहुंच चुका है। प्रदेश में फिलहाल कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है और आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप पड़ रही है। इसी वजह से मार्च के शुरुआती दिनों में ही गर्मी के तेवर तीखे नजर आने लगे हैं।

# रंग पंचमी पर 8 मार्च को निकलेगी रंगारंग गेर

## डीजे रहेगा प्रतिबंधित, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

● कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में गेर आयोजकों के साथ प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में रविवार 8 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से विभिन्न संस्थाओं द्वारा रंगारंग गेर भी निकाली जायेगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। गेर में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। गेर की व्यवस्थाओं को जिला प्रशासन, पुलिस और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों से और अधिक बेहतर बनाया जायेगा।**

यह जानकारी यहां कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में हुई बैठक में दी गई। बैठक में आयोजकों के साथ नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, डीसीपी आनन्द कलादगी, एडीएम रोशन राय सहित जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां अंतिम दौर में है। गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकलेगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, संगम कार्नर आदि संस्थाओं द्वारा निकाली जाएगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं हो। पूर्ण शालीनता बनी रहे। कोई भी अवांछित सामग्री का उपयोग नहीं करें और न ही गेर में शामिल लोगों पर फेंके। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गेर के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किया जाये। अश्लील और अभद्र गाने नहीं बजाये जाये। बैठक में बताया गया कि डीजे प्रतिबंधित रहेगा। आयोजकों से कहा गया है कि वे गेर में अनुमति प्राप्त वाहनों को ही शामिल करें। वाहनों के ड्राइवर लाइसेंसधारी हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि ड्राइवर किसी भी तरह का नशा नहीं किए हो। वाहनों की फिटनेस का भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में डीसीपी आनन्द कलादगी ने कहा कि आयोजन के दौरान विशेष निगरानी रखी जायेगी। व्यवस्थाओं को देखते हुए सभी स्वागत मंच रोड़ के एक ही तरफ लगवाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गेर में किसी भी तरह की हुड़दंग करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। हथियार सहित पकड़े जाने पर संबंधित असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। ड्रोन, सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। नागरिकों से आग्रह किया गया कि गेर में गड़बड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि गेर इंदौर की गौरवशाली धरोहर है। इसे सबके सहयोग से और अधिक बेहतर बनाया जाये। वालिंटियर की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करें। महिला वालिंटियर भी तैनात करें। उन्हें पहचान पत्र भी दिये जाये। सभी गेर आयोजक आपस में समन्वय रखें। बैठक में बताया गया कि आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, चिकित्सकों की व्यवस्था भी रहेगी।

# रंगपंचमी पर इंदौर में निकलेगी गेर

● निगम के स्वच्छता अभियान की भी होगी ब्रांडिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में 8 मार्च को निकलने वाली गेर में नगर निगम भी हिस्सेदारी करेगा। सड़कों की सफाई करने वाले वाहन, टैंकर और जेसीबी गेर में शामिल होंगे और इंदौर के स्वच्छता अभियान की ब्रांडिंग करेंगे। गेर के लिए नगर निगम अफसरों ने एक मिसाइल भी तैयार कराई है, जो सुनहरे रंगों से शहरवासियों को भिगोएंगी। इसके अलावा गेर समाप्त होने के बाद एक घंटे के भीतर पूरे मार्ग को धोकर चकाचक करने की तैयारी भी नगर निगम ने की है।

गेर समाप्त होने के बाद मार्ग पर कचरा, गुलाल पड़ा रहता है, जबकि इंदौर देश के साफ शहरों में से एक है। इस कारण यह गंदगी ज्यादा समय तक सड़कों पर न रहे, इसके प्रबंध नगर निगम ने किए है। 200 लोगों का अमला गेर समाप्त होने के बाद सड़कों पर उतरेगा और सड़क का कोना-कोना साफ करेगा। दोपहर बाद जब गेर समाप्त होगी। तब अमला सड़क पर उतरेगा। हर बार सड़क को गेर समाप्त होने के बाद साफ किया जाता है, ताकि स्वच्छ शहर वाली इंदौर की छवि बनी रही। दीपावली के दूसरे दिन भी शहर को रात में ही साफ कर दिया जाता है। रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। मार्ग पर 200 से ज्यादा सीटीवी कैमरे लगाए गए है और सड़क का पेचवर्क भी किया गया है। मार्ग पर खतरनाक मकान चिह्नित कर लिए गए हैं। उन मकानों पर दर्शक खड़े होकर गेर नहीं देख सकेंगे। वहां सूचना बोर्ड लगाए गए है। राजवाड़ा पर ही एक कंट्रोल रुम भी तैयार किया गया है।

## पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों की खुली बिक्री पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 29 अप्रैल तक लागू रहेगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के नि:शुल्क उपचार पर बैठक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 फरवरी को प्रधानमंत्री राहत योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल मरीजों को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा।

उक्त योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों के संचालक, प्रबंधक एवं आयुष्मान मित्र उपस्थित रहे। बैठक को संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रोशनी वर्धमान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. हेमंत गुप्ता तथा पुलिस विभाग से एडिशनल डीसीपी मीना चौहान द्वारा संबोधित किया गया। अधिकारियों ने योजना की प्रक्रिया, प्रावधानों एवं अस्पतालों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में डीपीएम अमित मोर द्वारा पोर्टल का प्रस्तुतिकरण किया गया तथा टीएमएस से संबंधित प्रस्तुति आयुष्मान जिला समन्वयक राहुल चौकसे द्वारा दी गई।

अधिकारियों द्वारा सभी निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल सभी मरीजों को इस योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए तथा उपचार प्रक्रिया को शीघ्र और प्रभावी बनाया जाए।

## संस्कृत कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रामबाग इंदौर में साइबर सुरक्षा दिवस 4 मार्च के उपलक्ष में शुक्रवार 6 मार्च को छात्रों द्वारा पोस्टर बनाए गए जिसमें प्रथम स्थान रोहित ठाकुर बीए तृतीय वर्ष के छात्र ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा जागरूकता केंद्रित 2 वीडियो का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ के व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सराफा थाने की सब इंस्पेक्टर श्रीमती आराधना शर्मा ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। साइबर से होने वाले अपराध बचाव और उपाय और समाधान पर चर्चा की और विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य विमला गोयल मैडम के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ऋचा मेहता मैडम ने स्वागत भाषण दिया तथा विद्यार्थियों को विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया एवं अतिथि स्वागत डॉ. अनामिका चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता जैन, डॉ. मीनाक्षी नागराज, डॉ. उषा गोलाने, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. भगवत दत्त शर्मा, डॉ. अरुण यादव, डॉ. छवि खरे डॉ. अमृता सिंह एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य गोपाल दास बैरागी ने किया एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम सदस्य डॉ. श्रद्धा आशापुरे ने किया।

जिले में मिलावटखोरों के विरुद्ध चल रहे अभियान में एक और बड़ी कार्रवाई

# मिलावट तथा अन्य अनियमितताएं करने और नियमों के उल्लंघन पर 23 खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगाया गया 51 लाख रुपए से अधिक का अर्थदंड

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार इंदौर में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण तथा शुद्ध खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन मुहिम चलाई जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में मिलावटखोरों के विरुद्ध लगातार जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी सिलसिले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी न्यायालय इंदौर के न्याय निर्णायक अधिकारी नवजीवन विजय पवार ने 23 प्रतिष्ठानों पर 51 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत की गई है। न्यायालयीन कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय इंदौर द्वारा उपरोक्त खाद्य प्रतिष्ठानों पर मिलावट, बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण-विक्रय तथा नियमों के उल्लंघन के मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है।



खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत विभिन्न फर्मों और संस्थानों के विरुद्ध प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। सुनवाई के बाद उक्त न्यायालय ने दोषी पाए गए प्रतिष्ठानों पर कुल 51 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

कार्रवाई के दौरान कई प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और विक्रय में अनियमितताएं पाई गईं। कुछ मामलों में बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार, मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण तथा नियमों के विरुद्ध पैक्ड खाद्य उत्पादों का विक्रय किया जा रहा था।

न्यायालय ने संबंधित प्रतिष्ठानों पर 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक का अर्थदंड अधिरोपित किया है। सबसे अधिक 10 लाख रुपए का जुर्माना एक प्रतिष्ठान अपकिन एग्रो प्राईवेट लिमिटेड पर प्री-पैक्ड ऑर्गेनिक उत्पादों के नियम विरुद्ध संग्रहण निर्माण और विक्रय के मामले में लगाया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी मिलावटखोरों और नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी न्यायालय इंदौर के न्याय निर्णायक अधिकारी नवजीवन विजय पवार द्वारा मेसर्स बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी पर 4 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। इसी प्रकार मेसर्स मशाल होटल और मेसर्स पूजा मिल्क एण्ड प्रोडक्ट देवास नाका पर डेढ़ लाख रुपये, जगदीश राठौर पर दो लाख रुपये, मेसर्स मदरसोल प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स ब्लाडो स्काई इंटरप्राईज प्राईवेट लिमिटेड पर 7 लाख 50 हजार रुपये, मेसर्स श्री कुबेर इन्टरप्राइजेस और मेसर्स बालगोपाल डेयरी प्रोडक्ट्स पर 4 लाख रुपये, मेसर्स वायसीएस बरोदा प्राइवेट लिमिटेड पर 2 लाख रुपये, मेसर्स सफायर स्टार पर एक लाख रुपए, मेसर्स अपकिन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड पर 10 लाख रुपए, मेसर्स निशा इंटरप्राइजेज पर दो लाख रुपये, एक अन्य मामले में मेसर्स निशा इंटरप्राइजेज पर ही दो लाख रुपये, मेसर्स पूजा डेरी सांवेर रोड पर दो लाख रुपये, विशाला ट्रेडर्स पर 2लाख रुपये, एवेन्यू फूड प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स नर्मदा एजेंसी, मेसर्स कोल्ड्स लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड गोडाउन और मेसर्स ग्लोबल गारमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर 5 लाख रुपये, मेसर्स ब्लीस लाइफ लाइंसेस, मेसर्स ब्लूबिन न्यूट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड पर 4 लाख रुपये, श्री देवनारायण कैटरर्स पर एक लाख रुपये तथा मेसर्स भैरूनाथ गुजराती कड़ी-फाफड़ा पर एक लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

## हाईकोर्ट में युवा वकीलों की याचिका, स्टायपेंड देने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। युवा वकीलों के लिए न्यूनतम मासिक स्टायपेंड की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका यंग एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव मानवर्धन सिंह तोमर ने लगाई है। इस पर सोमवार को सुनवाई प्रस्तावित है। पैरवी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह भदौरिया करेंगे।**

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी युवा अधिवक्ताओं को स्टायपेंड दिए जाने का मुद्दा राज्य सरकार के समक्ष उठाया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा था। प्रदेश भर के 12 हजार से अधिक अधिवक्ताओं ने समर्थन दिया था। अब तक इसे लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण मामला न्यायालय के समक्ष लाया गया है। प्रदेश भर में इस युवा कैटेगरी के 35 हजार से ज्यादा अधिवक्ता हैं।

### याचिका में की गई प्रमुख मांगें

1. जूनियर अधिवक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक स्टायपेंड योजना तैयार कर उसे लागू करने के निर्देश दिए जाए।
2. नीति बनाते समय बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सुझाए गए मानकों को अपनाने पर विचार किया जाए।
3. इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 20 हजार रु. प्रति माह और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 हजार रु. प्रति माह स्टायपेंड निर्धारित किया जाए।
4. योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पात्रता मानदंड, सत्यापन तंत्र और बजट प्रावधान तय किए जाएं।
5. अधिवक्ता पेशे के शुरुआती वर्षों में अधिकांश युवा वकीलों को गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
6. ऐसे में यदि न्यूनतम स्टाइपेंड योजना लागू होती है तो उन्हें पेशे में स्थिरता मिलेगी और न्याय व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## भड़काने वाले सोशल मीडिया संदेशों पर प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में सोशल मीडिया के प्लेटफार्मस पर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने संबंधी किसी भी प्रकार के संदेशों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 29 अप्रैल तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम, हाईक, एस.एम.एस, टेलिग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साइट आदि का दुरूपयोग कर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं कर सकेंगे।

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत आदि भावनाएँ भड़क सकती है या साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत विद्वेष पैदा हो सकता है, उसे प्रसारित नहीं कर सकेंगे। आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हों, को कमेंट, लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड नहीं करेंगे। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेंगे और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेंगे।

कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर, भड़का कर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष, हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाये को प्रसारित नहीं करेंगे और न ही लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड करेंगे और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेंगे।

कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेंगे, जिसमें किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने और उनसे कोई गैरकानूनी गतिविधियों करने के लिये आव्हान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो।

आदेश में कहा गया है कि नगरीय पुलिस इंदौर जिले की सीमा के अन्दर किसी भी साइबर कैफे के मालिक अथवा संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में वेब कैमरा लगाये जाए जिसमें प्रत्येक आगन्तुक / प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके। यह अभिलेख कम से कम 06 माह तक सुरक्षित रखा जायेगा।

## पति को लेकर दो पत्नियों में मारपीट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में पति को लेकर दो पत्नियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। गीता नगर निवासी ताहेरा शाह ने अपने पति वारिस अली की दूसरी पत्नी साइना पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को ताहेरा शाह अपने पति वारिस अली के साथ घर पर थी। इसी दौरान साइना वहां पहुंच गई और वारिस अली के घर नहीं आने को लेकर विवाद करने लगी। ताहेरा शाह ने पुलिस को बताया कि उसने साइना को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वह नाराज हो गई और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि साइना ने ताहेरा के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उसके पेट में लात मार दी। इस दौरान घर में मौजूद वारिस अली और रिश्तेदार नाहिद ने बीच-बचाव किया। मारपीट में घायल ताहेरा को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया।

## बीजेपी के 18 जिलों के वक्ता ट्रेनिंग लेंगे, हर जिले से 20 वक्ताओं का किया गया चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भाजपा पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देने के लिए वक्ताओं की सूची तैयार की जा रही है। इन वक्ताओं को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ट्रेनिंग देंगे। 10 मार्च को इन्दौर में 18 जिलों के वक्ता भाग ले रहे हैं। हर जिले से 20 वक्ताओं का चयन किया गया है।**

भाजपा समय-समय पर अपने आपको मजबूत करने और नए सदस्यों तथा पदाधिकारियों को पार्टी की विचारधारा के साथ जोडकर उन्हें प्रशिक्षित करने का काम करती है। भाजपा में यह प्रक्रिया लंबे समय से चली आ रही है। भोपाल में हुई बैठक के बाद अब जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने की तैयारी हैं, लेकिन उसके पहले इंदौर में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक जिले से संगठन की रचना के अनुसार 20-20 वक्ताओं के नाम मांगे गए थे। इंदौर में संगठन की दृष्टि से बनाए गए 4 संभागों के 18 जिलों के वक्ताओं की ट्रेनिंग होना है। 10 मार्च को गुजराती इनोवेटिव स्कूल में ट्रेनिंग के विभिन्न सत्र रखे गए हैं। ट्रेनिंग देने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी महेन्द्रसिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ-साथ राष्ट्रीय टीम के ओर से प्रशिक्षण प्रभारी बनाए गए के.सी. पटेल मौजूद रहेंगे। इनके अलावा संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, सुरेन्द्र शर्मा सहित उज्जैन और मंदसौर संभाग के प्रभारी भी ट्रेनिंग में भाग लेने आएंगे। इन वक्ताओं की पहले आज भोपाल में ही ट्रेनिंग होने वाली थी, लेकिन स्थान और तारीख में परिवर्तन कर इंदौर में ही ट्रेनिंग सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेनिंग के बाद इन वक्ताओं को जिलों में भाजपा के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देने भेजा जाएगा, वहीं कुछ वक्ताओं को संभाग के दूसरे जिलों में भी भेजा जा सकता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। प्रदेश के किसान उड़द लगाएं, ताकि उन्हें इस बोनस का भरपूर लाभ मिल सके और अगली फसल की तैयारी भी हो जाए।**



राज्य सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को भी गत वर्षों के तरह बोनस की सौगात दी है। इस वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इससे किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान प्राप्त होगा। राज्य सरकार ने किसानों के हित में अपने संकल्प-पत्र में वर्ष 2028 तक 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का संकल्प लिया है। आगामी वर्षों में हम इस लक्ष्य को पूरा कर उससे भी आगे निकलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने की व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, नीरज मंडलोई सहित कृषि, राजस्व, सहकारिता, जल संसाधन, उद्यानिकी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का फूड बास्केट है, जहां दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है। हमारे राज्य के किसान आगे बढ़ें और समृद्ध हों, इसके लिए सरकार निरंतर किसान हितैषी निर्णय ले रही है। कुछ स्थानों पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन में कठिनाई सामने आई है। इसे ध्यान में रखकर गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, इससे रात के समय बिजली से सिंचाई के कारण होने वाले संकटों से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ की ओर से किसानों के हित में प्राप्त सुझावों पर भी राज्य सरकार विचार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा राशि बढ़ाने, जंगली जानवरों द्वारा फसल नुकसान पर मुआवजे, मंडी अधिनियम के प्रावधानों, फसल गिरदावरी, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए समय-सीमा निर्धारित करने, विद्युत प्रदाय और सिंचाई व्यवस्था जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## धार्मिक शहरों में शराब दुकानें बंद होने के बाद भी बढ़ा राजस्व

### लाइसेंस राशि में 19% तक की वृद्धि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य सरकार द्वारा धार्मिक शहरों में शराब दुकानों को बंद किए जाने के बावजूद संबंधित जिलों में शराब ठेकों की लाइसेंस राशि में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में इन जिलों में ठेकों की नीलामी कीमत वर्ष 2024-25 की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत तक बढ़ गई है। राज्य सरकार द्वारा 19 नगरीय और ग्रामीण इलाकों के पवित्र क्षेत्र में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके तहत इन क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों को बंद कर दिया गया। वाणिज्यिक कर विभाग के अनुसार, बंद की गई दुकानों की लाइसेंस राशि को संबंधित नगरीय निकाय और पंचायतों की समीपवर्ती दुकानों में समायोजित करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए ई-टेंडर के माध्यम से नए सिरे से शराब ठेकों की नीलामी की गई। इसके बाद कई जिलों में ठेकों की वार्षिक लाइसेंस राशि में वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग की जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 13 नगरीय और 6 ग्रामीण निकाय क्षेत्रों को पवित्र क्षेत्र घोषित किया गया है।



इन क्षेत्रों में शराब बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है।

हालांकि, दुकानों के बंद होने के बावजूद संबंधित जिलों में शराब ठेकों के नीलामी मूल्य में वर्ष 2024-25 की तुलना में औसतन करीब 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। जिलावार आंकड़ों के अनुसार दतिया जिले में वर्ष 2025-26 में लाइसेंस राशि में 14.73 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह बैतूल में 18.45 प्रतिशत, उज्जैन में 20.73 प्रतिशत, मंदसौर में 15.55 प्रतिशत, पन्ना में 28.13 प्रतिशत और सतना में 15.95 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि दुकानों के पुनर्समायोजन और नई ई-टेंडर प्रक्रिया के कारण शराब ठेकों की बोली में प्रतिस्पर्धा बढ़ी, जिससे नीलामी राशि में वृद्धि दर्ज की गई।

## परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सिद्धिकगंज थाना अंतर्गत ग्राम धरमपुरी में डबल मर्डर होने से ग्राम सहित क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़े पिता ने अपने ही भतीजा और भतीजी की जघन्य हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी सहित थाना प्रभारी आदि मौके पर पहुंचे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धरमपुरी में जगदीश मालवीय की 20 वर्षीय पुत्री शीतल और 19 वर्षीय पुत्र कुलदीप की उनके ही बड़े भाई अर्थात मृतक के बड़े पिताजी हरि सिंह मालवीय ने जघन्य हत्या कर दी। सूचना मिलने पर एसडीओपी दामोदर गुप्ता, सिद्धिकगंज थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल आदि मौके पर पहुंचे। हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है। सिद्धिकगंज थाना क्षेत्र के धरमपुरी में डबल मर्डर होने से सनसनी फैली है। शीतल और कुलदीप परीक्षा देने जा रहे थे। तभी बड़े पापा ने दोनों ने की हत्या कर दी है। मृतकों के शव को अस्पताल लाया गया है। यहां पोस्टमार्ट करवाया जा रहा है। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सीहोर एसपी दीपक शुक्ला ने कहा कि आरोपियों ने कथित तौर पर सड़क पर उन्हें रोकने के बाद दोनों ने लाठियों से हमला कर दिया। इसमें दोनों भाई-बहन की मौत हो गई । एसपी ने बताया कि परिवार के अंदर लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इसके बाद इन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पुलिस का शानदार प्रदर्शन

## पदक जीतकर प्रदेश का बढ़ाया मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश पुलिस के घुड़सवारी दल ने 44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं माउंटेड पुलिस ड्यूटी मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक (2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य) अर्जित कर मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 27 फरवरी 2026 तक सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर की पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की 21 टीमों, 345 अश्वों और लगभग 700 राइडर्स ने भाग लिया।**

इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने विजेता खिलाड़ियों को पुलिस मुख्यालय भोपाल में मेडल पहना कर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने टीम के जांबाज घुड़सवारों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल टीम की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है, बल्कि यह मध्यप्रदेश पुलिस की पेशेवर दक्षता और उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण भी है।पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने सभी प्रतिभागियों को उचित इनाम देने की घोषणा की तथा भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरंतर अभ्यास एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पर बल दिया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 'सईस टेस्ट' में उत्कृष्ट अश्व प्रबंधन का प्रदर्शन करते हुए घनश्याम प्रजापति ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। टीम के प्रमुख राइडर आरक्षक फराज खान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए क्रॉस कंट्री स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुलिस हॉर्स टेस्ट एवं क्रॉस कंट्री में दो रजत पदक तथा मेंटल हेजार्ड एवं शो जंपिंगग्रेड-3 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल किए। शो जंपिंग प्री प्रिलिमिनरी स्पर्धा में भी उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ चंचल शेखर, पुलिस महानिरीक्षक एसएएफ इंदौर रेंज चंद्रशेखर सोलंकी, पुलिस महानिरीक्षक एसएएफ इरशाद वली, डीआईजी आरएपीटीसी धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, कमांडेंट 15वीं वाहिनी श्रीमती हितिका वासल, पर्यवेक्षक अधिकारी उप सेनानी श्रीमती प्राची द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिला दिया मरी हुई छिपकली वाला पानी, दहशत में सैकड़ों परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौतों के बीच ग्वालियर में भी पीने के पानी में बड़ी लापरवाही सामने आई है। मानपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने फ्लैटों की पानी की टंकी में मरी हुई पांच छिपकलियां मिलीं हैं। टंकी से करीब 1300 फ्लैटों में रहने वाले 5 हजार लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है। पानी की टंकी में मरी छिपकली मिलने से रहवासी भड़क गए हैं।



नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि टंकी की नियमित सफाई नहीं हुई। ढक्कन ठीक से बंद न रहने से छिपकली गिरकर मरीं। क्या नगर निगम के अफसर भागीरथपुरा बनाना चाहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि फेस-वन में ब्लॉक ई-52 की पानी की टंकी से आने वाले पानी की क्वॉलिटी पर शक हो रहा था। पानी में बदबू और गंदगी महसूस होने के बाद कुछ लोगों ने टंकी की जांच की। टंकी का ढक्कन खोला तो अंदर मरी हुई छिपकलियां पड़ी हुई थीं। इसके बाद लोगों ने टंकी से उन्हें बाहर निकाला। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी सामने आया है। टंकी में छिपकलियां मिलने की खबर फैलते ही परिसर में दहशत का माहौल बन गया। लोगों को डर है कि कई दिनों से यह पानी उनके घरों में सप्लाई हो रहा था। संभव है कि वे अनजाने में दूषित पानी पी चुके हों।

## 70 साल की महिला से रेप, दांतों से काटे नाक-होंठ

**राजगढ़, एजेंसी।** जिले में 70 वर्षीय महिला की नाक और होंठ काटकर हत्या के मामले में पूरी कहानी सामने आ गई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दूर के रिश्ते में पोता लगने वाले युवक ने पहले बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने हैवानियत की हद पार करते हुए दांतों से उसकी नाक और होंठ काट डाले। घटना के बाद महिला खेत में तड़पती रही। इसका डेढ़ मिनट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ग्रामीण उससे पूछते दिख रहे हैं कि उस पर हमला किसने किया। सामने आए करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में महिला गेहूं के खेत में लहूलुहान हालत में पड़ी दिखाई देती है। उसके चेहरे से खून बह रहा है और वह दर्द से कराह रही है। आसपास खड़े लोग उससे बार-बार पूछ रहे हैं- "काकी, किसने मारा तुम्हें कौन आया था?" महिला बोलने की कोशिश करती है, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसके शब्द साफ नहीं निकल पाते।

## संपादकीय

# समंदर में भारत की लम्बी छलांग

पानी के अंदर अपनी ताकत बढ़ाने में सक्षम एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस भारतीय नौसेना की पहली सबमरीन इस साल के अंत तक तैयार हो जाएगी। उस समय इसके बेड़े में मौजूद छह फ्रेंच कलवरी (स्कॉर्पीन) क्लास सबमरीन में से दूसरी में स्वदेशी एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (AIP) सिस्टम लगाया जाएगा। दिसंबर 2017 और जनवरी 2025 के बीच, छह कलवरी-क्लास कन्वेंशनल डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक सबमरीन को सर्विस में शामिल किया गया। इन जहाजों को सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ एक ट्रांसफर-ऑफ-टेक्नोलॉजी अरेंजमेंट के तहत बनाया है। ट्रांसफर-ऑफ-टेक्नोलॉजी अरेंजमेंट का मतलब है कि दूसरे देश से तकनीक लेकर इसे भारत में विकसित करना। 'बिजनेस स्टैंडर्ड' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस टेक्नोलॉजी से लैस यह पहली सबमरीन पहले से ही तैयार की जा रही है। इसलिए अभी उसमें AIP सिस्टम नहीं लगाया जाएगा। हालांकि, दूसरी सबमरीन साल के बीच में तैयार हो जाएगा और यह इस टेक्नोलॉजी से लैस होने वाली भारत की पहली सबमरीन बन जाएगी। AIP सिस्टम को सबमरीन के हल (Hull) को काटकर और उस हिस्से को 'प्लग इन' करके इंस्टाल किया जाएगा जिसमें टेक्नोलॉजी होगी। सूत्रों ने बताया कि अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक हुआ, तो यह प्रक्रिया साल के आखिर तक पूरा हो जानी चाहिए, जिसके बाद सिस्टम और सबमरीन का ट्रायल होगा। AIP एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पारंपरिक सबमरीन को बिना सतह पर आए या हवा में स्नोर्कल का इस्तेमाल किए पानी के अंदर पावर जेनरेट करने में सक्षम बनाती है। जहाज को ज्यादा देर तक पानी में रहने लायक बनाकर, यह पानी के अंदर उसकी मजबूती, चुपके से काम करने की क्षमता और सर्वाइवकरने की क्षमता को बढ़ाता है। AIP सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने देश में ही विकसित किया है, जिसमें लार्सन एंड टूब्रो (L&T) डेवलपमेंट-कम-प्रोडक्शन पार्टनर है। एक और रक्षा सूत्र ने बताया कि "एनर्जी यूनिट", जो सबमरीन पर फिट होने के बाद AIP बनाएगी, लगभग तीन महीने में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को मिल जाएगी। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड पनडुब्बी में AIP प्लग लगाने का काम करेगी। प्रोजेक्ट 75 इंडिया (P75I) प्रोग्राम के तहत, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड अपने पार्टनर, जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (TKMS) से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ छह एडवांस्ड पारंपरिक सबमरीन भी बनाएगी। TKMS द्वारा भारतीय जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई ये सबमरीन, इसी तरह की मजबूती बढ़ाने वाली टेक्नोलॉजी से लैस होंगी। हालांकि, इन जहाजों में एक जर्मन AIP सिस्टम लगाया जाएगा। P75I कॉन्ट्रैक्ट पर मार्च के आखिर तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

## राजवाड़े के ईर्द-गिर्द होने वाला आयोजन कैसे बना

# इंदौर की पहचान



इंदौर में रंगपंचमी पर निकलने वाली 'गेर' की परंपरा होलकर काल से चली आ रही है। पहले राजवाड़ा में महाराजा दरबारियों पर रंग डालते थे। समय के साथ गेर का विस्तार हुआ। बैंड-बाजे, झांकियों और रंगों के साथ यह उत्सव आज इंदौर की प्रमुख सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

मालवा का शहर जिसकी महक और उत्सवी परंपरा का प्राचीन इतिहास रहा है। होली-रंगपंचमी या गणेश उत्सव झांकियों की चर्चा देश भर में होती है। गैर शब्द का अर्थ दूसरा या पराया होता है, लेकिन उसे भी रंग लगाना ही इंदौर में रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर का उद्देश्य होता है। रविवार को इंदौर में रंगारंग गेरें निकाली जाएंगी और इसमें शामिल होने वाला हर शख्स रंग में डूबा और भीगा रहेगा। रंगपंचमी का आयोजन रियासत दौर में राजवाड़े के आसपास ही होता था, लेकिन धीरे-धीरे इसका स्वरूप विस्तृत होता गया।

### महाराजा डालते थे रंग

होलकर रियासत काल में रंग पंचमी महोत्सव बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता था। वन विभाग एक महीने पहले से रंग पंचमी के लिए प्राकृतिक फूलों का संग्रह कर रंग बनाने का कार्य करता था। सर्वप्रथम महाराजा होलकर दरबार में अपने दरबारियों पर रंग-गुलाल डालते थे। रंग पंचमी के अवसर पर गीत-संगीत के भव्य आयोजन और पशुओं की लड़ाई मुख्य आकर्षण का केंद्र हुआ करती थी। शहर के कई अखाड़ों में इस दौरान पहलवानों के मध्य कुश्ती के आयोजन भी होते थे, राजवाड़ा रंगपचमी के उत्सव का मुख्य केंद्र होता था। होलकर कालीन प्रकाशित गजेटियर और अन्य पुस्तकों में उल्लेख है कि होली और रंगपंचमी का आयोजन सभी लोग मिलकर करते थे। राजवाड़े में राजपरिवार के सदस्य चांदी और अन्य दरबारी पीतल और तांबे की पिचकारियों से होली खेलते थे।

### अग्नि शमन वाहनों से उड़ाते थे रंग

महाराजा यशवंतराव होलकर (कार्यकाल-1926-1948) वयस्क नहीं थे, इसलिए राजकाज का संचालन एक परिषद द्वारा किया जाता था। 1931 में प्रकाशित एलसी धारीवाल के इंदौर स्टेट गजेटियर के अनुसार 1924 में मैरी वेदर हेट फील्ड



मोटर इंजन फायर ब्रिगेड के लिए क्रय किए थे। महाराजा अल्प-वयस्क थे, इसलिए उनकी जिद के कारण फायर ब्रिगेड के वाहनों से टेसू 'पलाश' के फूलों से बना रंग उड़ाया गया था।

### टोरी कॉर्नर से गेर ने लिया नया रूप

टोरी कॉर्नर की गेर लगभग 75 वर्ष से अधिक समय से आयोजित हो रही है। यह गेर का आयोजन करने वाली प्रथम संस्था थी। इसके सफल आयोजन के बाद अन्य संस्थाओं द्वारा गेर का आयोजन किया जाने लगा। इस तरह टोरी कॉर्नर इंदौर की रंगपंचमी की सांस्कृतिक विरासत का मुख्य केंद्र रहा है। यहां पर कई सभाएं, कवि सम्मेलन हुआ करते थे। महाकवि नीरज और शायर बेकल उत्साही समेत कई नामचीन कवि और शायर यहां होने वाले कवि सम्मेलनों में शामिल होते थे। कई प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इसी चौराहे पर हुआ करते थे।

### चौराहे पर रखा रहता था रंगों से भरा कढ़ाव

50 के दशक में कुछ युवा साथी हाथ ठेले और टंकियों में रंग, गुलाल भर कर उड़ाते थे और चौराहे पर एक बड़ा लोहे का कढ़ाव रंग का भर कर रखते थे। रंगपंचमी के दिन वहां से जो भी गुजरता था उसे उठाकर उसमें पटक देते थे, ताकि वह रंगों से सराबोर हो जाए। इसके बाद टोरी कॉर्नर के युवाओं की यह टीम मस्ती करते हुए नगर के प्रमुख बाजारों से निकलती और रंग-गुलाल उड़ाते हुए घूमती थी। धीरे-धीरे इसी मस्ती की टीम ने गेर का रूप ले लिया।

### बाबूलाल गिरि रहे गेर के अगुआ

टोरी कॉर्नर की बाबूलाल गिरि द्वारा आयोजित गेर का उल्लेख मिलता है। इसके अलावा धीरे-धीरे अन्य गेरें भी शामिल होती गईं। इनमें नरसिंह बाजार की नवरंग गेर, संगम कॉर्नर, रसिया कॉर्नर राजमोहल्ला शामिल हुईं। संयोगितागंज मंडी में रंगपचमी उत्सव, बड़ा सराफा में रंगपंचमी पर भव्य उत्सव और गेरों के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित होता था। गेर में बैंड-बाजे, नगाड़े, हाथी, ऊंट, बैलगाड़ी और ट्रैक्टरों पर नृत्य करती मंडलियां रहती थीं। सराफा में गेरों के स्वागत की साठ के दशक में भव्य परंपरा थी।

### रंगपंचमी पर कई बार मंडराए संकट के बादल

विश्व भर में कोरोना महामारी की वजह से वर्ष 2020 से 2023 तक लगातार तीन वर्ष गेर का आयोजन नहीं हो सका था। इससे पूर्व भी भारत-चीन युद्ध 1962 में गेर पर संकट के बादल मंडराए थे, लेकिन 1963 में गेर का आयोजन हुआ। युद्ध के कारण इंदौर के रंग बाजार में रंगों की बिक्री काफी कम हुई थी। नगर की जनता ने देश हित में रंगों पर व्यय की जाने वाली राशि दान दे दी थी। 1971 में भारत पाक युद्ध के बाद 1972 में होली और रंगपंचमी पर सभी वर्गों ने हिलमिलकर उत्सव मानाने की अपील की थी। वर्ष 1974 में नगर के प्रथम महापौर रहे स्व. लक्ष्मणसिंह चौहान के निधन के कारण टोरी कॉर्नर की गेर नहीं निकाली गई थी। आपातकाल के दौर में गेर देर से आरंभ हुई और जल्दी समाप्त हो गई थी।

### यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास अधूरे

रंगपंचमी पर गेर का यह रंगोत्सव अब इतना भव्य रूप में मनाए जाने लगा है कि इस पर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। संस्कृति मंत्रालय इंदौर के इस रंग पंचमी महोत्सव की गेर परंपरा को यूनेस्को से प्रमाणित कराने में जुटा हुआ है। हालांकि, पिछले कई वर्षों से जारी ये कोशिश अभी अधूरी है। गेर के विधिवत प्रमाण उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं।

New Delhi

# घरेलू एलपीजी के दाम 60 और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में 115 रुपये बढ़ोतरी, नई दरें लागू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में शनिवार, 7 मार्च से वृद्धि कर दी गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम के घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह, 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी आज से 115 रुपये की वृद्धि की गई है, जिससे होटल, रेस्तरां और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों जैसे व्यवसायों पर असर पड़ेगा।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की नई



दर अब 852.50 रुपये से बढ़कर 912.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में, कीमत 879 रुपये से बढ़कर 0.30 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। संशोधित दरें आज से तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। यह वृद्धि व्यवसायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों पर भी लागू होती है। दिल्ली में 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये हो गई है। मुंबई में यह कीमत 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो गई है। इसी तरह, कोलकाता में यह कीमत 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये हो गई है।

Bihar

## फ्रीबीज की वजह से रुका देश का विकास? SBI ने जताई चिंता, रोजगार देने की दी सलाह



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए राज्यों द्वारा मुफ्त उपहार (फ्रीबीज), खासकर बैंक खातों में नकद दिए जाने से सरकारी खजाने पर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.7 फीसदी तक बोझ पड़ता है, जिससे कई बार जरूरी कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट में फ्रीबीज पर चिंता जताते हुए मुफ्त उपहार और बैंक खातों में नकदी जैसी फ्रीबीज योजनाएं लागू करने पर खर्च की सीमा जीएसडीपी का फीसदी तक सीमित करने की सिफारिश की है ताकि सरकार की जरूरी व कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित नहीं हों।

विधानसभा चुनाव के दौरान जनता को नकद और मुफ्त उपहार देने से राज्यों के खर्च और बजट विश्लेषण को लेकर एसबीआई की शोध रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि हम हम राज्यों के बजट देखें, तो विधानसभा चुनावों में किए गए वादे अलग-अलग राज्यों के लिए जीएसडीपी का का 0.1 - 2.7 फीसदी जो कि राज्यों के अपने कुल राजस्व वसूली का लगभग 5 से 10 फीसदी खर्च होते हैं। कुल राजस्व का एक फीसदी सीमा तय हो । सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से ठीक पहले अलग-अलग राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार (फ्रीबीज), खासकर बैंक खातों में नकद दिए जाने की आलोचना की थी।

Uttarakhand

## 8000 फीट की ऊंचाई पर रहने वाले हिरण का शिकार... मांस पकाने की तैयारी में थे आरोपी, 14 गिरफ्तार

**रुद्रप्रयाग, (एजेंसी)** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में वन विभाग ने हिमालयन बार्किंग डियर के शिकार के मामले में कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को उस वक्त पकड़ा गया, जब वे शिकार किए गए हिरण को पकाने की तैयारी कर रहे थे. एजेंसी के अनुसार, यह घटना खंखरा रेंज के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की है. आरोपियों ने गुरुवार को जंगल में जाकर हिमालयन बार्किंग डियर का शिकार किया था. इस मामले की जानकारी वन विभाग को गुप्त सूचना के जरिए मिली थी, जिसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छापेमारी की.

रुद्रप्रयाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी (एसडीएफओ) देवेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी डुडाटोली वन क्षेत्र से सटे कोंडली-क्वाली गांव के रहने वाले हैं. वन विभाग की टीम ने खंखरा रेंज अधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी की, जिसमें सभी 14 आरोपियों को हिरण के मांस को पकाने की तैयारी करते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया गया.

Andhra Pradesh

## आंध्र प्रदेश शराब घोटाला: ED ने 441 करोड़ की संपत्ति अटैच की, जांच के घेरे में कई आरोपी

**हैदराबाद, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है. जांच एजेंसी ने 441 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां अटैच की हैं. जांच में आरोप है कि पिछली सरकार के दौरान शराब खरीद और सप्लाई सिस्टम में हेरफेर कर हजारों करोड़ रुपए की रिश्वत ली गई. प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार अटैच की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, जमीन और अन्य अचल संपत्तियां शामिल हैं. ये संपत्तियां मुख्य आरोपी केसिरेड्डी राजशेखर रेड्डी, उनके परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़ी कंपनियों की हैं. इसके अलावा दूसरे आरोपियों की संपत्तियां भी शामिल हैं. इनमें बूनेटी चाणक्य, उनसे जुड़ी कंपनियों, डोनथिरेड्डी वासुदेव रेड्डी, उनके रिश्तेदारों और उनसे संबद्ध संस्थाओं की संपत्तियां भी जब्त की गई हैं. यह कथित



घोटाला उस समय का है जब राज्य में वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी. उस समय शराब दुकानों पर नियंत्रण करके लूट की गई थी. जांच एजेंसी का आरोप है कि साल 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद राज्य सरकार ने आंध्र प्रदेश स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड (APSBCL) के जरिए रिटेल शराब दुकानों पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था. इसके बाद एक आपराधिक साजिश के तहत ऑटोमेटेड सिस्टम को जानबूझकर बंद कर दिया गया.

खेल

विश्वकप में भारत का दबदबा

# प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की दौड़ में संजू सैमसन शामिल, ICC ने जारी की लिस्ट

**अहमदाबाद, (एजेंसी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी20 विश्व कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए आठ खिलाड़ियों को नामित किया है। इस सूची में भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम भी शामिल है। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा है और फाइनल तक के सफर में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा साफ नजर आया है।**

सैमसन ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में मौका नहीं मिलने के बाद जब टीम में जगह बनाई तो अपने बल्ले से धमाका कर दिया। उन्होंने लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सेमीफाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ



42 गेंदों में 89 रनों की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत भारत ने रोमांचक मुकाबले में सात रन से जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनल में सैमसन ने 50 गेंदों में 97 रन बनाकर टीम को पांच विकेट से जीत दिलाई। अब तक सैमसन ने टूर्नामेंट में खेले चार मैचों में 232 रन बनाए हैं। उनका औसत 77.33 और स्ट्राइक रेट 201.73 का रहा है, जो उनके आक्रामक और मैच जिताऊ प्रदर्शन को दर्शाता है। इस पुरस्कार की दौड़ में सैमसन के अलावा इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडेन मार्करम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र, विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिका के गेंदबाज शैडली वान स्कालविक शामिल हैं।

पाकिस्तान के फरहान ने टूर्नामेंट में छह पारियों में 383 रन बनाकर एक ही टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। वहीं, इंग्लैंड के विल जैक्स ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 226 रन और नौ विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के एनगिडी ने सात मैचों में 12 विकेट लेकर अपनी टीम की गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी, जबकि कप्तान मार्करम ने आठ मैचों में 286 रन बनाए। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 128 रन और 11 विकेट लिए हैं। हालांकि, अमेरिका की टीम ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन तेज गेंदबाज स्कालविक ने सिर्फ चार मैचों में 13 विकेट लेकर सबको प्रभावित किया।

सिनेमा

## अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में ₹35 करोड़ में खरीदी 2.67 एकड़ जमीन



बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन ने राम मंदिर की जन्मभूमि अयोध्या में एक और प्रॉपर्टी खरीदी है। उन्होंने अपनी संपत्ति का विस्तार करते हुए अभिनंदन लोढ़ा हाउस (HoABL) से 35 करोड़ रुपये में 2.67 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने 6 मार्च को यह जानकारी दी। यह कंपनी के साथ मंदिर नगर में अमिताभ बच्चन का तीसरा निवेश है। यह जमीन HoABL की 75 एकड़ की 'द सरयू' परियोजना के पास स्थित है। कंपनी ने बताया कि AB Corp Ltd के प्रबंध निदेशक राजेश यादव ने इस सौदे को अंजाम दिया। इस पर बात करते हुए, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के अध्यक्ष अभिनंदन लोढ़ा ने कहा, 'अमिताभ बच्चन का निवेश भूमि को एक अंतरपीढ़ीगत संपत्ति के रूप में देखने के हमारे विश्वास को दिखाता है, जो बड़े वैल्यू को संरक्षित करती है।' उन्होंने कहा, 'HoABL में हम भूमि को केवल धन के रूप में नहीं, बल्कि एक विरासत के रूप में देखते हैं। अयोध्या में, यह विरासत एक गहरा अर्थ ग्रहण करती है, एक 'विरासत' जहां आस्था और विरासत एक साथ मिलती हैं। निरंतर अवसंरचना विकास और सार्वजनिक निवेश के समर्थन से, अयोध्या दीर्घकालिक भूमि स्वामित्व और स्थायी मूल्य सृजन के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रही है।' बता दें कि यह अयोध्या में अमिताभ बच्चन का तीसरा निवेश और HoABL के साथ उनका चौथा प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है।

## Highlights

1. **Conrad Sangma becomes Meghalaya's longest-serving CM**
2. **Nitish's son holds talks with senior JD(U) leaders as father moves to RS**
3. **We are 'allowing' friends in India to buy Russian oil, says Trump's official**
4. **Sambar spotted at high altitudes for 1st time in Himachal's Chamba**
5. **Before US sunk Iranian ship, India had offered it shelter: Report**
6. **Vehicles torched, roads blocked after Hindu man killed on Holi in Delhi**

# Gold stuck in Dubai is being sold at a discount as Iran war widens

**NEW DELHI, (Agency).** Gold is being offered at a steep discount in Dubai, as the Iran war grounds flights and hampers suppliers' ability to move bullion out of the key trading hub.

Many buyers have stepped back from new orders, unwilling to pay exceptionally high shipping and insurance costs with no guarantee of prompt delivery. As a result, rather than paying indefinitely for storage and funding, traders are offering discounts of as much as $30/ounce to the global benchmark in London, according to people with knowledge of the matter, who asked not to be named discussing market information.

Many shipments remained stranded on Friday, the people said, although some bullion had been loaded onto flights leaving Dubai from the middle of this week. The United Arab Emirates, and Dubai in particular, is an important centre for refining



and exporting bullion to buyers across Asia, as well as a conduit for shipments from Switzerland, the UK and several African countries. Its airspace has been partially closed due to a barrage of Iranian missiles as the US-Israeli war with Tehran extends for a seventh day with no sign of resolution. Gold is typically transported in the cargo holds of passenger aircraft. Even with flights from the UAE severely restricted, traders and logistics firms are reluctant to transport high-value cargoes overland to airports in countries such as Saudi Arabia and Oman, due to the risks and complications involved, particularly when transiting land borders. "Several cargo shipments have been delayed or stranded, leading to short-term tightness in the availability of physical bullion in India," said Renisha Chainani, head of research at Augmont Enterprises Ltd., one of India's largest gold dealers. But buyers in India—one of the largest consumers of gold shipped from Dubai—can afford to wait, with near-term demand relatively muted and inventories swollen by a large volume of imports in January, said Chirag Sheth, principal consultant for South Asia at Metals Focus.

# Jio IPO to miss timeline due to delay in changes to SEBI listing rules

**NEW DELHI, (Agency).** The government's delays in formalising changes to listing rules are threatening to miss the timeline for Jio Platforms IPO.

Reliance Industries Ltd., the parent company of Jio Platforms Ltd. is waiting for the government to formalise the changes to appoint bankers and file draft IPO papers, according to people familiar with the matter who asked not to be named because the discussions are private. The




company is now aiming to file the draft red-herring prospectus before April, depending on the government notification.

Jio, which owns India's largest wireless operator, is one of the crown jewels of Ambani's empire. A Jio IPO—the first listing of a major Reliance unit in almost 20 years—could be the country's biggest ever. Investment bankers have proposed a valuation of as much as $170 billion (about ₹15.5 lakh crore) for the company, which would offer a rare opportunity for investors to buy into one of world's biggest growth stories of the past decade. During an annual general meeting in August 2025, RIL Chairman Mukesh Ambani had disclosed plans to list Jio Platforms in the first half of 2026.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?
# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक